अक्षय कुमार के साथ काम करना घर वापसी जैसा: कटरीना कैफ

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऐक्ट्रेस कटरीना इस बात से बेहद खुश हैं कि करीब 10 साल बाद वह फिर से अक्षय कुमार के साथ काम करने जा रही हैं। कटरीना अक्षय के ऑपोजिट रोहित शेट्टी की आने वाली फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगी। कटरीना काफी एक्साइटेड हैं और कहती हैं कि अक्षय के साथ इस फिल्म में काम करना उनके लिए घर वापसी जैसा है। कटरीना ने अक्षय के साथ हमको दिवाना कर गए, सिंह इज किंग, नमस्ते लंदन, तीस मार खां और दे दना दन जैसी फिल्मों में साथ काम किया। हमको दिवाना कर गए और तीस मार खां को छोड़ बाकी सभी फिल्में हिट रहीं। इन सभी फिल्मों में अक्षय और कटरीना की केमिस्ट्री को भी काफी सराहा गया। कटरीना का कहना कि इन 10 सालों में अक्षय और उनके बीच कुछ भी नहीं बदला है। अक्षय के साथ काम करना उनके लिए हमेशा ऐसा होता है जैसे कि वह अपने घर वापस लौट आयी हों। कटरीना यहीं नहीं रुकीं, बल्कि अक्षय की तारीफ करते हुए उन्होंने आगे कहा कि अक्षय एक बहुत ही बढ़िया को-स्टार हैं और अपने काम के प्रति समर्पित हैं। उन्हें अपने काम से कितना प्यार है, यह सभी देख सकते हैं। बता दें कि सूर्यवंशी अगले साल यानी 2020 में 27 मार्च को रिलीज होगी। इससे पहले वह सलमान खान के ऑपोजिट भारत में नजर आयीं जो सुपरहिट रही।

सेक्रेड गेम्स फेम एलनाज नौरोजी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की बोल्ड तस्वीरें

अभिनेत्री और मॉडल एल्नाज नोरौजी ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट हॉट तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं. सोशल मीडिया पर एल्नाज की ये तस्वीरें काफी तेजी से वायरल हो रही हैं. इनकी तस्वीरें देखने के लिए रुख कीजिए आगे की स्लाइड्स का. एलनाज़ नौरोजी ने नेटफ्लिक्स की पहली भारतीय वेब सीरिज सेक्रेड गेम्स से डेब्यू किया है. इस सीरिज में उन्होंने अपनी अदाओं और अभिनय का दम-खम दिखाया. उन्होंने पंजाबी फिल्म खिडो खुंडी से डेब्यू किया था. एलनाज़ नौरोजी मूल रूप से ईरान की रहने वाली हैं. सेक्रेड गेम्स से डेब्यू के साथ ही एलनाज ने भारत में भी अपना काफी अच्छा फैन बेस बना लिया है. आपको बता दें कि एलनाज ने स्स्ङ्क्षश्च मूमेंट के तहत डायरेक्टर विपुल शाह पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था. एलनाज ने बताया है कि विपुल उन्हें अक्सर ही गलत तरीके से छूने की कोशिश करते थे और बार-बार एलनाज को अपने ऑफिस भी बुलाते थे. इसके साथ ही एलनाज ने ये भी बताया है कि विपुल ने उन्हें किस करने की कोशिश भी की. मीडिया से बात करते हुए एलनाज ने बताया था कि विपुल ने उन्हें फिल्म नमस्ते इंग्लैंड में काम करने के लिए अप्रोच किया था. फिल्म के प्री-प्रोडक्शन को दौरान उनसे मिली थीं. एलनाज ने बताया था कि कैसे लुक टेस्ट और कास्ट करने के बहाने विपुल ने उनके साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट करने की कोशिश की थी.

एलनाज़ ने इस सेक्रेड गेम्स में जोया मिर्जा का रोल निभाया था. उन्होंने शाहरुख खान के साथ एक एड में भी काम किया है. इसके साथ ही वो सलमान खान के साथ थम्स-अप के लिए एड में भी काम कर चुकी हैं. उन्होंने सिंगर गुरु रंधावा के साथ उनके म्यूजिक वीडियो में भी काम किया है. उन्हें करीब सात भाषाओं में बोलना आता है जिसमें इंग्लिश, जर्मन, फ्रेंच, उर्दू, फारसी, हिंदी और पंजाबी शामिल हैं

बावले उतावले में शामिल होने पर डॉली चावला उत्साहित

अभिनेत्री डॉली चावला को टीवी शो बावले उतावले में शामिल किया गया है और डॉली इसमें और ज्यादा ड्रामा जोड़ने के लिए तैयार हैं। डॉली मैं मायके चली जाऊंगी, थपकी प्यार की और ससुराल सिमर का जैसे धारावाहिकों में काम कर चुकी हैं और इसके साथ ही साथ वह फिल्म लव शव प्यार व्यार में भी दिख चुकी हैं। सब टीवी चैनल के इस शो में वह तिकड़ी का किरदार निभाएंगी।

तिकड़ी एक लड़की है जिसकी बचपन में ही गुड्डु से शादी हो जाती है। वह इस शो में गुड्डु की जिंदगी में परेशानियां लातीं नजर आएंगी। इसके साथ ही साथ तिकड़ी एक ऐसी लड़की है जो गुस्से में दूसरों को नुकसान पहुंचाती है।

डॉली ने एक बयान में कहा, यह एक रोचक किरदार है। मेरा किरदार कुछ ऐसा होगा जो शो के वर्तमान कहानी में थोड़ा और ज्यादा ड्रामा जोड़ने के लिए बिल्कुल तैयार है।

एक अच्छी टीम का हिस्सा बनने का अहसास भी काफी अच्छा है। हर कोई बहुत मेहनती और अत्यधिक प्रतिभाशाली है।